# बालाजी के दर पे होती सुनवाई है | By Muskan Shrivastava

आस लगा कर आने वाली बेचारे
खाली ना लौटे कभी दुखियारे
बालाजी के दर पे होती सुनवाई है, सुनवाई है
मेहंदीपुर में बाबा कृपा दिखाते हैं
रोते हुओ की ये किस्मत जगाते हैं

कष्ट मिटाने को जग में ये आये हैं
बालाजी नाम से हम सब बुलाये हैं
श्री राम जी को भी लीला दिखाई है
मेहंदीपुर में बाबा कृपा दिखाते हैं
रोते हुओ की ये किस्मत जगाते हैं

भूत प्रेत हो या बुरी छाया
बाबा के आगे ना बस चल पाया
जिसने भी बाबाजी को अर्ज़ी लगाईं है
मेहंदीपुर में बाबा कृपा दिखाते हैं
रोते हुओ की ये किस्मत जगाते हैं

प्रेम सुहाए इन्हे भोग चूरमा का
बदले में भक्तों चखो फल वफ़ा का
शक्ति में इनका ना कोई भी सानी है
मेहंदीपुर में बाबा कृपा दिखाते हैं
रोते हुओ की ये किस्मत जगाते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be/